# 144986 - क्या उसके लिए राज्य के द्वारा दिए जानेवाले खाद्य सहायता से क़ुर्बानी का जानवर खरीदना जायज़ है ?

## प्रश्न

अमेरिकी सरकार सीमित आय वाले लोगों की सहायता करती है इस प्रकार कि उन्हें सरकार के खर्च पर खाने या पीने की चीज़ों को खरीदने के लिए एक कार्ड देती है। तो क्या इस कार्ड को क़ुर्बानी के लिए जानवर खरीदने में इस्तेमाल किया जा सकता है ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

सर्व प्रथम :

प्रश्न में उल्लेख किए गए कार्यक्रम की परिभाषा :

1- अमेरिका में "खाद्य कूपन" के रूप में जाने जानेवाले कार्यक्रम पर अमल द्वितीय विश्व युद्ध से शुरू हुआ।

2- इस परियोजना का आधिकारिक नाम : "पूरक खाद्य सहायता कार्यक्रम" है।

3- अमेरिका में इसका ज़िम्मेदार "कृषि मंत्रालय" है।

4- इस समय ये कूपन ई-कार्ड के रूप में बन गए हैं जो हर महीने में 100 डालर चार्ज किए जाते हैं।

5- यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए विशिष्ट है जो खाने के लिए कुछ नहीं पाते हैं, या उनके पास पर्याप्त आय नहीं है।

6- इस कार्यक्रम से लाभ उठाने वालों की संख्या 36 मिलियन (3.6 करोड़) अमेरिकी नागरिक है।

दूसरा :

मुसलमान के लिए इस कार्ड से क़ुर्बानी का जानवर खरीदना उचित नहीं है, क्योंकि यह कार्ड केवल गरीबों को दिया जाता है, और इन लोगों के हक़ में क़ुर्बानी करना धर्मसंगत नहीं है।

और उनमें से जो मालदार है उसके लिए इस कार्यक्रम में शामिल होना जायज़ नहीं है, क्योंकि वह ऐसी चीज़ ले रहा जो

उसके लिए अनुमेय नहीं है।

तथा प्रश्न संख्या(6357) का उत्तर देखें।